# प्राविधिक शिक्षा विभाग के उ0प्र0

## (डिप्लोमा सेक्टर)

हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व स्नातक छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एवं अन्य पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अवसर

## प्रवेश प्रक्रिया

प्रदेश की राजकीय,अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (ग्रुप-A) दो वर्षीय डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम (ग्रुप E) तथा अन्य डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (ग्रुप-B,C,D,F,G,H,I,L) तथा लैटरल इन्ट्री से द्वितीय वर्ष डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (ग्रुप -K) में शैक्षिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक) - 2023 का आयोजन जून के प्रथम सप्ताह में किया जायेगा इसके अतिरिक्त इस वर्ष से पोस्ट डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम ग्रुप- A,B,C,D,E,F,G,H,I,L एवं K) हेतु ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र सभी मंडल मुख्यालयों एवं अधिकांश जिलों में होगें आवेदन शुल्क स्टेट बैंक आफ इण्डिया/आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की किसी भी शाखा में चालान अथवा नेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा किया जा सकता है।

परीक्षा आवेदन-पत्र दिनांक 06.03.2023 से 01/05/2023 परिषद की वेबसाइट jeecup.admission.nic.in पर उपलब्ध उ0प्र0 में चल रहे कुल 154 राजकीय, 19 अनुदानित एवं 1294 निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं के नाम तथा कोड संख्या, विभिन्न पाठ्यक्रम ग्रुपों के अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय पाली में चल रहे 77 पाठ्यक्रमों के नाम एवं पाठ्यक्रमवार उपलब्ध सीटों का विवरण परिषद की वेबसाइट jeecup.admission.nic.in पर उपलब्ध है। वर्तमान में संस्थाओं में प्रवेश हेतु कुल प्रवेश क्षमता ग्रुप ग्रुप- A, में 138613, ग्रुप- E में 65351 तथा अन्य ग्रुप-B, C,D,F,G,H,I एवं K में 34424 तथा ग्रुप- L (साक्षात्कार द्वारा) 525 है।

इस वर्ष प्रवेश परीक्षा हेतु एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन आवेदन-पत्र भर सकता है। ग्रुप A तथा ग्रुप E में एक-एक तथा ग्रुप- B,C,D,F,G,H,I, एवं K में से कोई एक ग्रुप में आवेदन कर सकेगा। एक ही ग्रुप में एक से अधिक आवेदन पत्र भरे जाने पर अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। उपरोक्त के अतिरिक्त एक अन्य ग्रुप L में पोस्ट डिप्लोमा इन सेफ्टी इन्जी0 हेतु आवेदन किया जा सकता है।

अभ्यर्थी अपने आरक्षण सम्बन्धी जैसे जाति प्रमाण-पत्र (ओ0बी0सी0, एस0सी0/एस0टी0 एवं ई0डब्लू0एस0),आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र आदि नवीनतम प्रारूप पर बनवाकर रखें और उसी अनुसार आवेदन पत्र भरें, जिससे कि काउन्सलिंग के समय डाक्यूमेन्ट मांगे जाने पर प्रस्तुत कर सकें। आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन ही भरा जायेगा, जिसके अभिलेख संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद को भेजे जाने की आवश्यकता नही है। साथ ही आनलाइन आवेदन पत्र के समय अभ्यर्थियों से अन्य कोई अभिलेख अपलोड नही कराये जा रहे है। अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.07.2023 को 14 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नही है। अर्थात् वर्ष 2023 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01.07. 2009 अथवा इसके पूर्व की होनी चाहिए।

प्रवेश परीक्षा का परिणाम आनलाइन परीक्षा के 10 दिनों बाद घोषित किया जायेगा और काउन्सिलिंग की प्रक्रिया जुलाई के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ होने की संभावना है।

### 1. प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता :

त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु हाईस्कूल तथा अन्य विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु इण्टरमीडिएट अथवा स्नातक है जो अभ्यर्थी इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी ग्रुप A की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

### 2. आवेदन-पत्र का मूल्य

सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रु0 300/-
अनुसूचित जाति/ जनजाति हेतु रू0 200/-
(विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन-पत्र भरने का कोई प्राविधान नहीं है।)

### 3. महिलाओं को सुविधाएं

केवल महिलाओं के लिए 23 महिला पालीटेक्निक संस्थाएं (19 राजकीय, 02 अनुदानित एवं 02 निजी क्षेत्र) संचालित हैं तथा महिलाओं की अधिक सहभागिता हेतु 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की सुविधा शासन द्वारा प्रदान की गयी है।

प्रत्येक राजकीय एवं अनुदानित संस्थाओं में छात्राओं के लिए अलग छात्रावास उपलब्ध है।

### 4.विकलांग अभ्यार्थियों को विशेष सुविधायें

विकलांग अभ्यार्थियों हेतु प्रत्येक संस्था में 5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ0 अम्बेडकर इंस्टी0 ऑफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, कानपुर, राजकीय पालीटेक्निक झाँसी एवं राजकीय महिला पालीटेक्निक मुरादाबाद में आर्थिक सहायता के साथ प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है।

Scanned with OKEN Scanner

## 5. शिक्षण-प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था :

सभी पालीटेक्निक संस्थाओं में छात्रों के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों के लैब-एवं वर्कशॉप नवीनतम उपकरणों के साथ उपलब्ध है। इसके साथ ही वाई-फाई कैम्पस, वर्चुअल क्लासरूम, लैंग्वेज लैब, सुसज्जित पुस्तकालय, आधुनिक कम्प्यूटर लैब, कैड / कैम लैब आदि की व्यवस्था उपलब्ध है। संस्थाओं में स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था भी की जा रही है।

## 6. शिक्षणेत्तर कार्य-कलाप :

उच्च शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ संस्थाओं में एन.सी.सी., एन.एस.एस. इन्डोर व आउटडोर खेलकूद की सुविधा, छात्रों हेतु प्रोजेक्ट के रूप में वर्किंग माडल का निर्माण आदि सुविधा उपलब्ध है।

## 7. रोजगार की उपलब्धता :

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की उत्तीर्ण करने के पश्चात सभी छात्र / छात्राओं हेतु रोजगार / स्वरोजगार के अवसर विभिन्न सरकारी, अर्ध सरकारी तथा निजी कम्पनियों में उपलब्ध होते हैं। प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंर्तगत आने वाले सभी राजकीय एवं अनुदानित संस्थानों में प्लेसमेंट सेल की स्थापना की गयी है, जो कि अपने स्तर से छात्रों को रोजगार दिलाने हेतु निम्न कार्य कर रहें है।

(I) छात्र / छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेन्ट पर्सनालिटी डेवलपमेन्ट कैरियर काउन्सिलिंग आदि के वर्कशाप आयोजित करना।

(ii) अन्तिम वर्ष के छात्र / छात्राओं हेतु रिज्यूम मेकिंग, मॉक इन्टरव्यू आदि का प्रशिक्षण प्रदान करना।

(iii) औद्योगिक भ्रमण व्यवस्था ।

(iv) सभी पाठ्यक्रमों में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु संस्था स्तरीय पर कैम्पस इन्टरव्यू / रोजगार मेलों का आयोजन करना।

## विस्तृत सूचनाओं के लिए सम्पर्क करें।

(1) सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0,
1. गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, बाँसमण्डी चौराहा, लखनऊ।
दूरभाष : 0522-2630106 2630667, 2636589

(2) सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
दूरभाष 0522-2630243

(3) निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0,
राजकीय पालीटेक्निक कैम्पस, विकास नगर,
कानपुर- 208024
दूरभाष 0512-2582084 फैक्स 0522-2580965

(4) निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0
राजकीय पालीटेक्निक कैम्पस, विकास नगर,
कानपुर- 208024, दूरभाष : 0512-2580360

# प्राविधिक शिक्षा के बढ़ते कदम
# पालीटेक्निक डिप्लोमा, रोजगार के अवसर
# देश-प्रदेश का विकास





## संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)- 2023
## परीक्षा कार्यक्रम

| पाठ्यक्रम ग्रुप | प्रस्तावित तिथि | प्रस्तावित समय |
|---|---|---|
| ग्रुप - A (कम्प्यूटर आधारित) CBT | 01 जून से 05 जून 2023 | (प्रथम पाली 9.00 से 11.30 तक) (द्वितीय पाली 12.00 से 2.30 तक) (तृतीय पाली 4.00 से 6:30 तक) |
| ग्रुप - E (कम्प्यूटर आधारित) CBT | | |
| ग्रुप - B,C,D,F,G,H,I एवं ग्रुप K1 To K8 | | |
| ग्रुप - L (साक्षात्कार द्वारा) | | |

**संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0,**

**1. गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, चारबाग, लखनऊ**

Scanned with OKEN Scanner